पनघट से दौड़ी चली आउंगी कान्हा मुरली बजा दो लिरिक्स

पनघट से दौड़ी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो,
मधुबन में रास रचाऊंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

श्याम सुंदर से लागे नैना,
तुम बिन हमको चैन पड़े ना,
तुम संग प्रीति निभाऊंगी,
कान्हा मुरली बजा दो,
पनघट से दौडी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

नंदलला की सांवरी सूरत,
चंचल चितवन मोहिनी मूरत,
माखन मिश्री खिलाऊंगी,
कान्हा मुरली बजा दो,
पनघट से दौडी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

तुमने मुरली मधुर बजायी,
तन मन की मैंने सुध बिसराई,
समझे ना पीर परायी जी,
कान्हा मुरली बजा दो,
पनघट से दौडी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

श्याम पिया का मिले जो दर्शन,
‘पदम’ ने जीवन कर दिया अर्पण,
मन मंदिर में बसाउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो,
पनघट से दौडी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पनघट से दौड़ी चली आउंगी,
कान्हा मुरली बजा दो,
मधुबन में रास रचाऊंगी,
कान्हा मुरली बजा दो।bd।

गायक / प्रेषक – मुकेश कुमार मीना।
9660159589

---

https://youtu.be/b81wq39BPso

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com